तारीख हुक्म

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 21/2023 (2023/99) अनवान सुखाराम बनाम राज्य सरकार जरिये तहसीलदार झंवर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 भू-राजस्व अधिनियम

07-4-2(

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम खाटावास पटवार मण्डल खुड़ाला तहसील झंवर जिला जोधपुर के खसरा नम्बर 233/1 रकबा 2.0234 हैक्टयर की खातेदारी व खरीदसुदा कब्जा काश्त कृषि भूमि की तरमीम अनुसार मौका रिपोर्ट पैमाईश करवाकर पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या दो की ओर से जवाब पेश नहीं किया गया। अप्रार्थी संख्या एक तहसीलदार झंवर के पत्रांक/कोर्ट/2024/271 दिनांक 26.06.2024 के जरिये प्रकरण में तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जो शामिल मिसल की गई। जिसके अनुसार प्रार्थी ग्राम खटावास खसरा नम्बर 233/1 रकबा 2.0234 बीघा का खातेदार है जिसमें अप्रार्थी संख्या दो मौके पर पक्का मकान सहित सपरिवार निवासरत होना बताया गया। खसरा नम्बर 233/1 में मौके पर कब्जा काश्त व मालिकाना हक को लेकर दोनो पक्षों के मध्य गहरा विवाद होना भी बताया गया।

अतः इस परिस्थितियों के मध्य नजर प्रार्थी का खसरा नम्बर 233/1 रकबा 2.0234 हैक्टयर पर वास्तविक कब्जा होना नही प्रतीत होता है। जिसके फलस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 भू-राजस्व अधिनियम के तहत पोषणीय नही होने के कारण खारिज किया जाता है। आदेश लिखवाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी